# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 13 | अंक 14 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रू.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार , 1 जुलाई 2025 से 7 जुलाई 2025 तक


# दलित मजदूर के शव को सी 3 हॉस्पिटल ने बनाया बंधक

## मजदूर के शव के लिए दलित नेता ने किया हॉस्पिटल का घेराव

## हॉस्पिटल ने उड़ाई सुप्रीम कोर्ट के आदेश की धज्जियां

### अस्पताल प्रबंधन ने मुख्यमंत्री द्वारा जारी प्रदेश सरकार की गाइड लाइन को किया दरकिनार दलित नेता ने हॉस्पिटल की घेराबंदी कर पीड़ितों से वसूले गए रुपए और शव को निःशुल्क मृतक परिवार को दिलवाया। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश के निजी अस्पताल को लेकर आदेश जारी किए थे। कि कोई भी मरीज का शव पैसो के कारण नहीं रोका जाएं।











आदित्य शर्मा

8224951278


इसी परिपेक्ष्य में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी निजी हॉस्पिटलो को गाइड लाइन जारी की थी कि किसी भी व्यक्ति का शव कोई भी हॉस्पिटल पैसो के कारण नहीं रोक सकता ll

इंदौर। एबी रोड़ आर्बिट मॉल के पिछे सी 3 हॉस्पिटल ने दोनों आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए 48 घंटे तक मृतक जगदीश भालेकर के शव को बंधक बनाकर रखा। और मृतक परिवार से शव के बदले 1 लाख रुपए की वसूली की मांग कर रहे थे ll पिछले 5 दिनों से हार्ट पेशेंट संजय गांधी नगर निवासी जगदीश भालेराव को इलाज के लिए एबी रोड़ आर्बिट मॉल के पिछे सी 3 अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया था और इलाज का पैसा भी जमा किया गया था। कल इलाज के दौरान दौरान मरीज जगदीश भालेकर की मृत्यु हो गई थी, फिर भी अस्पताल प्रबंधन मुर्दे को जीवित बताकर पैसे की मांगनी करता रहा परिजनों के मना करने पर डॉक्टरों ने शव देने से मना कर दिया ll और कल सुबह से ही जगदीश भालेकर के शव को पैसे के लिए बंधक बनाकर परिजनों से 1 लाख रुपए की मांगनी की जा रही थी ll मृतक परिवार ने दलित नेता और अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को घटना की सूचना दी । परमार तत्काल अपने पदाधिकारियों के साथ सी 3 हॉस्पिटल पहुंचे।




दलित नेता ने शव को वापस करने की मांग के साथ इलाज में हुए खर्चे का हिसाब मांगा । इस दौरान हॉस्पिटल के सभी जिम्मेदार डॉक्टर हॉस्पिटल के पीछे वाले रास्ते से भाग गए ll परमार अपने साथियों के साथ हॉस्पिटल के परिसर में धरना देकर बैठ गए और साथी कार्यकर्ता हॉस्पिटल के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते रहे। इसी बीच विजय नगर थाना सब इंस्पेक्टर बलवीर सिंह रघुवंशी पुलिस बल के साथ हॉस्पिटल पहुंचे और आंदोलन कर रहे कार्यकर्ताओं को समझाइश देने लगे परन्तु दलित नेता मनोज परमार ने पुलिस अधिकारियों को कहा कि अस्पताल प्रबंधन पर वसूली की धारा और शव को बंधक बनाने की धारा में मामला पंजीबद्ध किया जाए और गरीब मजदूरों को लूट रहे ऐसे अस्पतालों पर ताले लगाए जाना चाहिए।

पुलिस प्रशासन ने दलित नेता और अस्पताल प्रबंधन के बीच समन्वय बनाया और शव को परिजनों के सुपर्द कर जमा की गई राशी 20 हजार रुपए मृतक परिवार को पुनः वापस दिलवाई ll

इस आंदोलन में मुख्य रूप से युवा प्रदेश अध्यक्ष चिंटू मालवीय रघु जी पिपलाज सागर बलाई रोहित आंजना लक्ष्मण खेड़े सोनू टेंटवाल दीपक परमार विशाल सारवान रितेश परमार संदीप रायकवार रिक्की सोनी अमित चिनाल गौरव वानखेडे सुरेश सिंह भदौरिया धर्मवीर भदौरिया विकाश पटेल शिवम् चौहान राज परमार राधे परमार सहित सैकड़ो की संख्या में समाजजन मौजूद थे ।।

# रेलवे ने 1 जुलाई 2025 से रेल यात्रियों के लिए मूल किराया तर्कसंगत बनाया



अनिल चौधरी

साधारण श्रेणी में 500 किलोमीटर तक कोई वृद्धि नहीं; 501 से 1500 किलोमीटर की दूरी के लिए 5 रुपये और 2500 किलोमीटर तक की दूरी के लिए 10 रुपये तथा 2501 से 3000 किलोमीटर की दूरी के लिए 15 रुपये की वृद्धि प्रविष्टि तिथिः 30 JUN 2025 6:01PM by PIB Delhi किराया संरचनाओं को सुव्यवस्थित करने और यात्री सेवाओं की वित्तीय स्थिरता बढ़ाने के उद्देश्य से, रेल मंत्रालय ने 01 जुलाई 2025 से यात्री ट्रेन सेवाओं के मूल किराए को युक्तिसंगत बना दिया है। संशोधित किराए भारतीय रेलवे सम्मेलन संघ (आईआरसीए) द्वारा जारी अद्यतन यात्री किराया तालिका पर आधारित हैं।

किराया युक्तिकरण की मुख्य विशेषताएं (1 जुलाई 2025 से प्रभावी): उपनगरीय एकल यात्रा किराये और सीज़न टिकटों (उपनगरीय और गैर-उपनगरीय दोनों मार्गों के लिए) में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

साधारण गैर-एसी श्रेणियां (गैर-उपनगरीय रेलगाड़ियों) के लिए:

द्वितीय श्रेणीः प्रति किलोमीटर आधा पैसा बढ़ाया जाएगा, यह निर्भर करेगा

500 किलोमीटर तक कोई बढ़ोतरी नहीं

501 से 1500 किलोमीटर की दूरी के लिए 5 रुपये की बढ़ोतरी

1501 से 2500 किलोमीटर की दूरी के लिए 10 रुपये की बढ़ोतरी

2501 से 3000 किलोमीटर की दूरी के लिए 15 रुपये की बढ़ोतरी

स्लीपर क्लासः 0.5 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी

प्रथम श्रेणीः 0.5 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि

मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए (गैर-एसी):

द्वितीय श्रेणीः 01 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्ध

स्लीपर श्रेणीः 01 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्ध

प्रथम श्रेणीः 01 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्ध

एसी श्रेणी के लिए (मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें):

एसी चेयर कार, एसी 3-टियर/3-इकोनॉमी, एसी 2-टियर, और एसी फर्स्ट/एग्जीक्यूटिव क्लास/एग्जीक्यूटिव अनुभूतिः 02 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी

संशोधित श्रेणी-वार किराया संरचना के अनुसार किराया संशोधन प्रमुख और विशेष ट्रेन सेवाओं जैसे राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, वंदे भारत, तेजस, हमसफर, अमृत भारत, महामना, गतिमान, अंत्योदय, जन शताब्दी, युवा एक्सप्रेस, एसी विस्टाडोम कोच, अनुभूति कोच और सामान्य गैर-उपनगरीय सेवाओं पर भी लागू होता है।

## सहायक शुल्क में कोई परिवर्तन नहीं:

आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट अधिभार और अन्य शुल्क अपरिवर्तित रहेंगे।जीएसटी नियमों के अनुसार लागू रहेगा।किराया राउंडिंग सिद्धांत मौजूदा मानदंडों के अनुसार बने रहेंगे।

# डीजीपी मकवाना ने शहर में रहकर की ''इंदौरी अपराधों'' की समीक्षा

राजेश धाकड़



इंदौर। मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक (DGP) श्री कैलाश मकवाना आज एकदिवसीय दौरे पर इंदौर पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम में इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अपराध नियंत्रण को लेकर गहन समीक्षा बैठक की। इस बैठक में महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, गंभीर अपराधों पर नियंत्रण और माफिया विरोधी कार्रवाई जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। डीजीपी ने इंदौर पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और जनोन्मुखी (people-centric) पुलिसिंग को प्राथमिकता दी जाए।

बैठक में डीजीपी मकवाना ने विशेष रूप से महिलाओं से जुड़े अपराधों को गंभीरता से लेने के निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा और भरोसा, पुलिस की पहली पहचान होनी चाहिए। साथ ही, माफिया तत्वों के खिलाफ चल रही कार्रवाई को और अधिक सख्ती के साथ जारी रखने को कहा। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे कर्त्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से अपने कार्यों का निर्वहन करें, ताकि आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना और विश्वास बना रहे। अब देखना दिलचस्प होगा कि डीजीपी की इस उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद इंदौर में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग व्यवस्था में कितना प्रभाव दिखाई देता है।

# इंदौर से स्थानांतरित हुए संयुक्त संचालक डॉ. आर.आर. पटेल को दी गई भावभीनी विदाई

अनिल चौधरी



## मीडिया संगठनों व प्रशासनिक अधिकारियों ने सराहा योगदान

संभागीय जनसंपर्क कार्यालय, इंदौर में पदस्थ संयुक्त संचालक डॉ. आर.आर. पटेल को भोपाल स्थानांतरित होने पर सोमवार को एक गरिमामय समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही इंदौर के मीडिया संगठनों के प्रतिनिधियों ने डॉ. पटेल के कार्यों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में जिला पंचायत इंदौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद तिवारी, मध्यप्रदेश स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, वूमन्स प्रेस क्लब की अध्यक्ष श्रीमती शीतल राय सहित विभिन्न पत्रकार संगठनों के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने डॉ. पटेल के प्रशासन और प्रेस के बीच सेतु के रूप में निभाई गई भूमिका को अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव सहित अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर उन्होंने कुशल समन्वय और दक्ष प्रबंधन से विभागीय कार्यों को उत्कृष्ट रूप से निभाया। डॉ. पटेल की कर्मठता,



लगनशीलता और सकारात्मक सोच प्रशंसनीय रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. पटेल राज्य स्तर पर भी अपनी जिम्मेदारियों को उसी दक्षता से निभाएंगे जैसे इंदौर में निभाया।

इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने कहा कि डॉ. पटेल एक विलक्षण अधिकारी हैं, जिन्होंने मीडिया और प्रशासन के बीच सशक्त समन्वय स्थापित कर इंदौर को नई पहचान दी। वे सदैव सहजता, संवेदनशीलता और कुशल संवाद के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे। वरिष्ठ पत्रकार श्री कीर्ति राणा ने भी अपने अनुभव साझा किया। समारोह में विभिन्न वक्ताओं ने डॉ. पटेल के प्रशासनिक योगदान, मीडिया से उनके सौहार्दपूर्ण संबंधों और जनसंपर्क क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। उपस्थित जनों ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

डॉ. आर.आर. पटेल ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इंदौर में कार्यकाल उनके लिए अत्यंत प्रेरक और सीख से भरपूर रहा। उन्होंने मीडिया और प्रशासन के बीच सहयोग की भावना को हमेशा प्राथमिकता दी और विश्वास जताया कि यह परंपरा आगे भी बनी रहेगी। समारोह में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ, वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन, जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधियों और मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों आदि ने भी डॉ. पटेल को शाल, श्रीफल, दुपट्टा और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार , 1 जुलाई 2025 से 7 जुलाई 2025 तक



# CM मोहन और केंद्रीय मंत्री शिवराज ने की आदिवासियों की जमीन पर चर्चा

## देवास विस्थापन मामले में जांच के आदेश, वन विभाग को सख्त निर्देश



भोपाल। मध्य प्रदेश में आदिवासी समुदाय के अधिकारों के हनन और उनकी भूमि से बेदखली के संवेदनशील मुद्दे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बीच अहम मुलाकात हुई। यह बैठक मुख्यमंत्री निवास पर हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान खोजना था।

हाल ही में देवास जिले के खातेगांव स्थित खिवनी अभयारण्य क्षेत्र में वन विभाग द्वारा लगभग 50 आदिवासी परिवारों को बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के उनकी जमीन से बेदखल करने का मामला सामने आया था। इन आदिवासी परिवारों का आरोप है कि उन्हें बेघर कर दिया गया, जिससे उनकी आजीविका और जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री दोनों ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की।

### CM मोहन के सख्त निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस पूरे मामले की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस अमानवीय कृत्य के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, पीड़ित आदिवासी परिवारों को तत्काल राहत और सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए, जिसमें आवास, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और अन्य सामाजिक कल्याण योजनाएं शामिल हैं।

### वन विभाग को दो टूक चेतावनी

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से वन विभाग को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने निर्देश दिए कि बारिश के मौजूदा मौसम में ऐसी किसी भी बेदखली की कार्रवाई से पूरी तरह बचा जाए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऐसी कार्रवाई से न केवल आदिवासी समुदाय का जीवन सुरक्षित रहे, बल्कि जंगल और पर्यावरण का संतुलन भी बना रहे।

### CM मोहन ने 'X' पर साझा की जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मुलाकात और लिए गए निर्णयों की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर साझा की। उन्होंने लिखा, "हमारी सरकार गरीबों की सरकार है, गरीबों के साथ है। आज भोपाल निवास पर केंद्रीय मंत्री, भाईसाहब शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में खिवनी अभयारण्य के लिए वन विभाग की कार्रवाई से प्रभावित जनजातीय समुदाय के नागरिकों से भेंट की। उनकी शिकायतों को सुना और जांच के निर्देश दिए।

## गोरखपुर आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, गोरखनाथ मंदिर में करेंगी दर्शन, AIIMS के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

गोरखपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आ रही हैं वे यहां पर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी उनके इस दौरे की खास बात ये है कि वे गोरखपुर एयरपोर्ट से हर जगह सड़क मार्ग से जाएंगी इस दौरान वे 129 किलोमीटर का सफर कार से तय करेंगी।



जानकारी के मुताबिक राष्ट्रपति मुर्मू आज 30 जून (सोमवार) को गोरखपुर आएंगी और 1 जुलाई को वापस प्रस्थान करेंगी. राष्ट्रपति सोमवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर छात्र-छात्राओं को पदक देंगी. वहीं 1 जुलाई को वे सुबह राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, पिपरी भटहट का लोकार्पण और अपराह्न महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम, सोनबरसा में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म का लोकार्पण और गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी इसके अलावा वह दोनों दिन अलग-अलग समय गोरखनाथ मंदिर जाएंगी गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन वे प्रसाद भी ग्रहण करेंगी। इसके पहले तीन बार तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी गोरखपुर पधार चुके हैं. वे 10 दिसंबर 2018 को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक समारोह में, 28 अगस्त 2021 को आयुष विश्वविद्यालय के शिलान्यास और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में और 4 जून 2022 को गीताप्रेस के शताब्दी वर्ष शुभारंभ समारोह में शामिल हुए थे. वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी द्रौपदी मुर्मू को दिवसीय यात्रा पर आमंत्रित कर सीएम योगी एक नया कीर्तिमान रचने जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर मंत्री विजय शाह खिवनी पहुंचे

## मुख्यमंत्री जी ने मुझे आप सभी का हाल जानने और मदद के लिए भेजा है - मंत्री विजय शाह

## बारिश और कीचड़ पैदल चल कर जनजातीय परिवारों से मिलने पहुँचे मंत्री शाह

## मंत्री शाह ने आर्थिक सहायता के चेक प्रदान कर सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का दिया भरोसा

संजय प्रेम जोशी

प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह देवास जिले में खिवनी अभ्यारण में अतिक्रमण मुक्त कराये क्षेत्र से प्रभावित आदिवासी परिवारो के बीच पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों के बीच बैठकर उनके हालचाल पूछे, दुख-दर्द बांटा और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि "मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा मुझे आप सभी का हाल जानने और मदद के लिए यहां भेजा गया है। सरकार आपके साथ खड़ी है। शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आपको मिलेगा। वर्तमान में आर्थिक सहायता के रूप में चेक प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि आप पुनः अपने आशियाने बसा सकें।"

### शाह का संवाद रहा भावात्मक

मंत्री विजय शाह प्रभावितों से चर्चा की इस मौके पर उनका संवाद भावनात्मक रहा, जिसमें सच्चे अपनत्व और विश्वास की झलक दिखी।

### गाड़ी छोड़ पैदल ही गांव की ओर निकले

खिवनी तक जाने के लिए रास्ता कीचड़ भरा था । ऐसे में अपनी गाड़ियां छोड़कर अफसरों के साथ मंत्री विजय शाह पैदल ही गांव की ओर निकले। इसके बाद मंत्री विजय शाह और विधायक आशीष शर्मा एवं अधिकारीगण पैदल चलते हुए प्रभावित आदिवासियों के घर पहुंचे । बाद में ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर वो वापस लौटे ।



### आदिवासी परिवार को 06 माह का अतिरिक्त राशन, 20 हजार रुपये की सहायता राशि दी

माननीय मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव के निर्देशानुसार देवास जिले में खिवनी में अतिक्रमण मुक्त कराये गए क्षेत्र से प्रभावित आदिवासी परिवार को हर संभव सहायता करने तथा मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए सभी प्रभावित परिवार को 06 माह का अतिरिक्त खादय् राहत सामग्री एवं सभी परिवार को 20 हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदाय की गई है और पका हुआ भोजन भी उपलब्ध किया जा रहा है।

# स्थूल व सूक्ष्म शरीर के मध्य संतुलन का विज्ञान है सहजयोग ध्यान

परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी जी ने सहजयोग ध्यान पद्धति की प्रतिस्थापना 1970 में की । कुछ साधकों के साथ प्रारंभ हुई सहजयोग की यह यात्रा आज विश्व के तकरीबन 140 देशों में सत्य के साधकों का मार्ग प्रशस्त कर रही है। सहजयोग सनातन संस्कृति पर आधारित है व विश्व के सभी संप्रदायों के मूलभूत सिद्धांतों को यह स्वयं में संजोए हुए है। प्रश्न उठता है सहजयोग क्या है ? सहजयोग श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रति- स्थापित एक सहज ध्यान पद्धति है जिसमें कुण्डलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति होती है। तत्पश्चात् नियमित ध्यान-धारणा द्वारा मानव शरीर में स्थित चक्रों व नाड़ियों को संतुलन प्राप्त होता है। यही संतुलन हमें अन्तर्परिवर्तन की ओर अग्रसर करता है। शनैः शनैः बिना किसी बाहरी दवाब व प्रेरणा के 'हमारे विचारों, जीवन मूल्यों, में परिवर्तन आने लगता है, सही व गलत स्वयं ही सहज में हमारे समक्ष



प्रकट होने लगता है जैसे - जैसे हम सहजयोग में दृढ़ होते जाते हैं प्रेम व आनन्द के मायने बदलते जाते हैं। माया जो कि जीवन में अभाव का दूसरा नाम है हमें प्रभावित नहीं कर पाती। आत्मा का ज्ञान ज्यों ही हमारी मध्यनाड़ी तंत्र को प्रकाशित करता है व हमारी शाश्वत शक्ति कुण्डलिनी ब्रह्मरंध्र का भेदन करती है, तो हमारा संबंध चैतन्य के रूप में प्रवाहित परमपिता की ऊर्जा से हो जाता है। अतः सहजयोग किसी प्रकार का खेल या बुद्धिमत्ता का प्रतिपादन नहीं है। यह हमारी अन्तर्निहित शक्तियों व ऊर्जा की जागृति तथा स्थूल व सूक्ष्म शरीर के मध्य संतुलन का विज्ञान है।' सहजयोग आत्मा के परमात्मा से लय होने की प्रक्रिया है। शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य की प्राप्ति इस प्रक्रिया का सह उत्पाद है।

आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने की कोई आयु नहीं होती और न ही इसमें सांसारिक जीवन का त्याग होता है । यदि सहजयोग का परिचय बालपन में ही दिया जाए बच्चों का चहुँमुखी विकास सहज ही में हो जाता है। वे एकाग्रता, अनुशासन त तीव्र स्मरणशक्ति व शैक्षणिक व व्यवसायिक सफलता को सहज में ही प्राप्त करने योग्य बन जाते हैं। किसी भी परिस्थिति में अनैतिकता उन्हें छू भी नहीं पाती। सहजयोग पूर्णतः निःशुल्क आडंबरों व कर्मकाण्ड से रहित अनुभव पर आधारित वैज्ञानिक प्रणाली है। जहां सर्वप्रथम आप सत्य का प्रमाण प्राप्त करते हैं तत्पश्चात् इस ज्ञान के अनुगामी बनते हैं। सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। टोल फ्री नं – 1800 2700 800 बेवसाइट - sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल – लर्निंग सहजयोगा

# समग्र ई-केवाईसी का कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें - सीईओ नरवरिया

## कार्य में रुचि न लेने बाले 11कर्मचारियों को दिए नोटिस तो बहीं अच्छा कार्य करने बाले कर्मचारियों को किया सम्मानित

**जगदीश पाल**




पिछोर( शिवपुरी ) गत दिवस जनपद पंचायत कार्यालय पिछोर में उपायुक्त एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एन. एस. नरवरिया ने पिछोर जनपद पंचायत के सभी सचिव,ग्राम रोजगार सहायक, एडीओ, पीसीओ, उपयंत्री आदि की समीक्षा बैठक ली !जिसमें सीईओ नरवरिया ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर संचालित सभी योजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं आई तो संबंधित कार्य न करने बाले कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेंगे, समीक्षा बैठक के दौरान समग्र ई-केवाईसी में सबसे अच्छा कार्य करने के लिए ग्राम पंचायत सेमरी के सचिव अजब सिंह लोधी को शील्ड देकर सम्मानित किया वहीं समग्र ई-केवाईसी में अच्छी प्रगति न देने बालें ग्यारह ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओं नोटिस जारी किये जिसमें ग्राम पंचायत बक्सनपुर के सचिव सुरेंद्र गेंडा तथा सहायक सचिव ज्योति यादव, बूढ़ोनकरेरा सचिव अजय गुप्ता तथा सहायक सचिव बृजमोहन लोधी, नागुली सचिव कृष्णपाल परमार तथा सहायक सचिव दीपक गुप्ता, वही नावली के सचिव रामदयाल परिहार तथा सहायक सचिव प्रतिभान लोधी, आसपुर सचिव मन्नूलाल आदिवासी तथा सहायक सचिव ओमप्रकाश शर्मा, इसके साथ ही राजेंद्र लोधी सहायक सचिव कुमरौआ को नोटिस जारी करते हुये एक सप्ताह में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए, समीक्षा बैठक में सीईओ नरवरिया ने जनपद स्तर के सभी कर्मचारियों को अपनी अपनी शाखा में बैठकर कार्य करने के निर्देश दिए वहीं एडीओ,पीसीओ को निर्देश दिए कि आप प्रत्येक दिन पंचायतों में भ्रमण करेंगे और ग्राम पंचायतों की प्रगति से जनपद में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, यदि कोई भी कर्मचारी बगैर अनुमति मुख्यालय से अनुपस्थित पाया गया तो ऐसे कर्मचारियों के विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही की जाएगी, बैठक के बाद ग्राम पंचायत सेमरी में चल रहे ई-केवाईसी कैंप का निरीक्षण किया तथा कैंप की सराहना की !

# नाबालिक के साथ बलात्कार



**संजय प्रेम जोशी**

थाना हाटपिपलिया ग्राम बोरखेड़ा अंतर्गत एक नाबालिग अनुसूचित जाति की बालिका के साथ बलात्कार एवं जातीय अत्याचार की गंभीर घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बोरखेड़ा पूर्वीया निवासी मनीष पिता रमेश विश्वकर्मा, जाति सुतार द्वारा एक नाबालिग बालिका को उस समय अकेला पाकर जबरन खेत में ले जाकर उसका बलात्कार किया गया। घटना के समय पीड़िता शौच हेतु घर के पीछे खेत की ओर गई थी। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

धारा 64, 351 (3) - भारतीय न्याय संहिता (BNS)

धारा 5/6 - पोक्सो अधिनियम धारा 3(1) (w-i), 3(1)(w-ii), 3(2)(v-a), 3(2) (v) - अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888




## कार में ही तड़पते रहे 62 साल के किसान की मौत

इंदौर देवास रोड पर डेढ़ घंटे जाम में फंसे रहे परिजन ने उठाए सवाल इंदौर देवास रोड पर आज शुक्रवार को लंबे जाम में फंसे इंदौर के एक बुजुर्ग किसान को कार मे घबराहट हुई ! जाम इतना लंबा था कि उनकी कार डेढ़ घंटे तक फंसी रहेगी उन्हें देवास के प्राइवेट अस्पताल ले जाएगा जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया किसान का नाम कमल पांचाल 62 निवासी सैटलाइट टाउनशिप बिजलपुर है।

# दलित महिलाओं पर हुवे जानलेवा हमले के मामले में DIG ग्रामीण से मिले दलित नेता

## हमले में घायल पीड़ितों से हॉस्पिटल मिलने पहुंचे थे दलित नेता मनोज परमार

**आदित्य शर्मा 8224951278**













इन्दौर जिले की तहसील देपालपुर के ग्राम गिरोडा में निवास करने वाली विधवा कलाबाई सिसोदिया पति स्वर्गीय बाबूलाल जी सिसोदिया की 7 बेटियां संगीता, सीमा, श्यामा, ममता, जूली, अलका, मल्लिका, पर गांव के दबंगों द्वारा जमीन विवाद को लेकर जानलेवा हमला किया गया l

5 जून 2025 को ग्राम गिरोड़ा की विवादित 1 बीघा जमीन का फैसला SDM न्यायालय द्वारा कलाबाई के पक्ष में आया और इसी जमीन की बोवनी करने 25 जून को कलाबाई अपनी बेटियों संगीता, सीमा, श्यामा, ममता, जूली, अलका, मल्लिका, के साथ अपने खेत पर बोवनी कर रही थी इसी दौरान गांव के दबंगों चिंतामन सिंह, मोतीसिंह, हरि सिंह, यशोदा, जसपाल, प्रभु, और अन्य अज्ञात लोगों ने लाठी चाकू तलवारों से जानलेवा हमला कर दिया ll सभी बहनों को दबंगों द्वारा निर्ममता से मारा गया ll जूली सिसौदिया जो कि शासकीय अध्यापक हैं उसके दोनों हाथ तोड़ दिये l ममता सिसौदिया जो कि पुलिस भर्ती की तैयारी कर रही थी उसने बीते दिनों कॉम्पिटिशन एग्जाम दी थी उसके पैरों पर आरोपी तब तक लाठियां मारते रहे जब तक वह पूरी तरह टूट नहीं गया ll मल्लिका सिसौदिया के पैरों में चाकु मारे गए और उसकी पसलियां तोड़ दी ll एक अन्य बेटी अलका जो कि अपनी मां और बहन को बचाने आई थी उसका कंधा तोड़ दिया उसके पूरे बदन पर लाठियों के निशान मौजूद थे ll

कलाबाई का भी हाथ तोड़ दिया गया और उसके सिर में कुल्हाड़ी से वार किया जिससे सिर बुरी तरह जख्मी हो गया ll कलाबाई की एक अन्य बेटी संगीता परमार के सिर पर तलवार से वार किया गया जिससे उसके सिर में 16 से 18 टांके आयें l घटना की जानकारी पीड़ित परिवार ने अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को दी l परमार महासंघ के पदाधिकारियों के साथ स्कीम नंबर 78 स्थित आशादीप हॉस्पिटल पहुंचे और घायलों से मिलकर वहीं से ग्रामीण ig अनुराग जी एवं ग्रामीण sp हितिका वासल से फोन पर चर्चा कर घटना की जानकारी दी तत्पश्चात अपने पदाधिकारियों के साथ ग्रामीण dig निमिष अग्रवाल से मिलने कार्यालय पहुंचे l

दलित नेता मनोज परमार के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारियों के साथ डीआईजी ग्रामीण निमिष अग्रवाल से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी दी और मांग की आरोपियों पर धारा 109 के तहत प्रकरण दर्ज कररासुका लगाई जाए और उनके मकान जमींदोज किए जाए ll साथ ही थाना देपालपुर पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस ने आरोपियों से सांठगांठ कर ली है इसलिए आरोपियों पर अभी तक प्राणघातक हमले का अपराध पंजीबद्ध नहीं किया गया l उलटा पुलिस द्वारा फरियादी महिलाओं को धमकाया जा रहा है कि अब जमीन पर मत जाना नहीं तो आपको कोई बचाने नहीं आएगा ll परमार ने ज्ञापन देते हुए बताया कि देपालपुर पुलिस की लापरवाही इस हद तक आ गई है कि आरोपी की गिरफ्तारी तो दूर मामले को रफा दफा करने में जुट गई है ll डीआईजी ग्रामीण निमिष अग्रवाल ने आश्वस्त किया है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे l इस दौरान मुख्य रूप से संगीता पाटोदी, विमला भंडारी, सुनीता ठाकुर, नर्मदा गुर्जर, अश्विनी सिरसाट, सिमरन सिंह, पायल विश्वकर्मा, ऋषिता गुर्जर, सफाई कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास पथरोड़, संतोष अलोने, लक्ष्मण खेड़े, धर्मेन्द्र गुर्जर, लखन पिपरे, आशुतोष गिरनार, अमित चिनाल, गौरव वानखेडे, राज परमार, विकाश पटेल, अंकित मालवीय, विक्की परमार, सुरेश सिंह भदोरिया, लखन जाधव, ऋषित मालवीय ,गोलू मालवीय, विशाल सारवान, रवि यादव, सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे ll

# कतर से श्रीमती मनीषा की सकुशल स्वदेश वापसी,मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कॉल कर कुशलक्षेम जानी

**रणजीत टाइम्स**



उज्जैन । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इजरायल-ईरान युद्ध के चलते कतर से वापसी के लिये रह गई उज्जैन निवासी श्रीमती मनीषा भटनागर की सकुशल स्वदेश वापसी के बाद उनसे वीडियो कॉल पर चर्चा कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। उल्लेखनीय है कि श्रीमती मनीषा भटनागर कतर एयरवेज में सीनियर केबिन क्रु हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनकी सकुशल वापसी के लिए केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से सहयोग के लिए अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के संबंधित अधिकारियों को केंद्र सरकार के संपर्क में रहते हुए श्रीमती मनीषा की सकुशल स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।

# नशे के खिलाफ कार्रवाई में शिवपुरी को तीसरा स्थान: इस साल 2.32 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, सीएम ने की सराहना

**ऋषि गोस्वामी**

मध्यप्रदेश में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम में शिवपुरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से आयोजित प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में शिवपुरी को इस अभियान में बेहतरीन कार्रवाई के लिए प्रदेश में तीसरा स्थान मिला। वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की सख्त और निरंतर कार्रवाई जारी रहनी चाहिए।

## राज्य की सबसे बड़ी स्मैक बरामदगी हुई थी

बैठक के दौरान 17 अप्रैल 2025 को शिवपुरी कोतवाली पुलिस द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई का उल्लेख किया गया। कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड़ और उनकी टीम ने राजस्थान के अंतरराज्यीय तस्कर गुलाबचंद तंवर को 232 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। जब्त की गई स्मैक की बाजार कीमत करीब 65 लाख 40 हजार रुपए थी। इस कार्रवाई को प्रदेश की टॉप-5 नशा विरोधी कार्रवाइयों में शामिल किया गया है। अब तक 2.32 करोड़ का माल जब्त पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में शिवपुरी पुलिस ने वर्ष 2025 में अब तक नशे के खिलाफ संगठित और सख्त कार्रवाई की है। अब तक कुल 2 करोड़ 32 लाख रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। इनमें 1 किलो 26 ग्राम स्मैक (1.49 करोड़ रुपए), 900.65 किलोग्राम गांजा (1.70 लाख रुपए), 3 किलोग्राम अफीम (73.62 लाख रुपए) और 32,039 लीटर अवैध शराब की जब्ती शामिल है।



## मुख्यमंत्री ने सराहा शिवपुरी मॉडल

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि नशे के सौदागरों के खिलाफ किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिवपुरी पुलिस की इस सतत और प्रभावी कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए इसे अन्य जिलों के लिए मिसाल बताया। इस मुहिम के चलते शिवपुरी जिले की छवि एक ऐसे क्षेत्र के रूप में बन रही है जो नशे के खिलाफ सख्ती से खड़ा है।

# गाली देने से रोकने पर युवक से की मारपीट, CCTV: शिवपुरी में बचाने आए दो लोगों को भी पीटा; 4 बदमाशों पर FIR

**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी के खुड़ा बस्ती में गाली देने से रोकने पर एक बदमाश ने अपने साथियों के साथ युवक से मारपीट की। विरोध करने पर उसने अपने चार साथियों को बुला लिया और सभी ने मिलकर युवक की पिटाई कर दी। बचाने आए दो अन्य लोगों को भी पीट दिया। घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शुक्रवार को इसका सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। जानकारी के अनुसार नितिन परिहार नशे की हालत में हेमंत जाटव को गालियां दे रहा था। विरोध करने पर नितिन ने अपने साथी जतिन परिहार, लोकेन्द्र शाक्य, अनिकेत रावत और प्रदीप रावत को बुला लिया। सभी ने मिलकर हेमंत जाटव की पिटाई कर दी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे छोटा लोडिंग वाहन चालक हेमंत गोस्वामी और उनके दोस्त प्रताप परिहार ने बीच-बचाव की कोशिश की तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। कोतवाली पुलिस ने चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# तहसील मिलक पहुंचकर नव उपजिलाधिकारी आदरणीय श्री आनंद कुमार कनौजिया जी को राधा कृष्ण की तस्वीर भेंट की, लालता प्रसाद गंगवार समाजसेवी जिला अध्यक्ष



रामपुर मिलक। दिनांक 27 जून 2025 को भारतीय किसान यूनियन सुनील के जिला अध्यक्ष समाजसेवी लालता प्रसाद गंगवार समाजसेवी ने अपने पदाधिकारियो के साथ मिलक के नवनियुक्त उपजिलाअधिकारी आनंद कुमार कनौजिया जी का तहसील परिसर पहुंचकर उनके कार्यालय पर राधा कृष्ण की तस्वीर भेंट कर भव्य स्वागत किया जिला अध्यक्ष लालता प्रसाद गंगवार समाजसेवी ने जनपद रामपुर तहसील मिलक की विभिन्न समस्याओं से उपजिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया।

भारतीय किसान यूनियन सुनील के जिला अध्यक्ष लालता प्रसाद गंगवार ने कहा हम आशा ही नहीं विश्वास करते हैं, नए उपजिलाधिकारी मिलक तहसील के किसान मजदूर और गरीब जनता के दुख दर्द में हमेशा आगे रहेंगे, भूमाफियाओं पर लगाम लगाने का काम करेंगे, वह लालता प्रसाद समाजसेवी जिला अध्यक्ष ने एसडीएम साहब को बताया क्षेत्र में किसान और गरीब जनता की अनेक प्रकार की समस्याएं, उपजिलाधिकारी ने कहा हम आपका सहयोग करेंगे, भूमाफियाओं पर होगी कानूनी कार्रवाई होगी जल्द चलेगा बुलडोजर एसडीएम साहब में आश्वासन दिया आपकी समस्याओं को जल्द सुना जाएगा, इस मौके पर मौजूद रहे राकेश कुमार गंगवार एडवोकेट, महावीर गंगवार, विजयपाल गंगवार, मुन्ना लाल गंगवार और आदि लोग मौजूद रहे।

# विधायक ने सहरिया कृषिकों को उड़द मिनी किट का किया वितरण




**जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) पिछोर क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने 27 जून शुक्रबार को दोपहर 12:00 बजे कृषि विभाग कार्यालय में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन दलहन योजना अंतर्गत लघु/सीमांत अनुसूचित जनजाति के 125 कृषिकों को 4 किलो उड़द मिनिकिट का वितरण किया गया ! साथ ही कृषक भाईयों को विभाग के कर्मचारियों द्वारा आत्मयोजना अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण भी दिया गया,जिसमें खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारी खाद उर्वरक की मात्रा,मृदा परीक्षण उन्नतशील किस्म विजोपचार एवं प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार पूर्वक से जानकारी दी गई !साथ ही पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हेमंत ओझा द्वारा पशुओं के टीकाकरण पशु बीमा के बारे में भी जानकारी दी गई ! इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि के.पी.कुशवाहा,सुनील लोधी, आशीष चौधरी, रंजीत रहोरा, सौरभ पाठक, आदि उपस्थित थे !विधायक द्वारा कृषि विभाग कार्यालय में आदिवासी सहरिया कृषकों को कृषि विभाग द्वारा उडद मिनीकिट का वितरण किया गया तथा आत्मा योजना अंतर्गत क्षमता विकास कृषक प्रशिक्षण का आयोजन भी किया गया ! जिसमें एसएडीओ मंजेश त्यागी एवं ए.ई.ओ.सुमित गुप्ता द्वारा कृषि विभाग की योजनाओं एवं खरीब फसलों की तैयारी के संबंध में जानकारी दी गयी !

# बारिश के रंग

**गोपल गावंडे**

पहली बारिश आई है फिर से,
कहीं खुशियों की बौछार, कहीं दुख के हिस्से।
किसी के लिए मस्ती का मौसम,
तो किसी के लिए बेबसी का आलम।

कोई कहता है – "चलो भीगें जरा,
बचपन लौट आए बारिश की फुहारों में भरा।"
तो कोई छुपता है, डरता है हर बूँद से,
क्योंकि टूटी छत है उसके सिर के ऊपर से।

किसी के लिए ये बारिश जश्न बन जाती है,
फोटो, कविताएं, चाय की प्यालियाँ साथ लाती है।
पर किसी की जिंदगी भर जाती है कीचड़ से,
जब उसका आशियाना डूबता है पानी के बीच में।

सड़कें बनती हैं तालाब,
ना कोई सुनने वाला, ना कोई जवाब।
बच्चे हँसते हैं पानी में कूदकर,
वहीं किसी मां की आँखें भर आती हैं टपकते छत देखकर।

किसी के खेत में हरियाली छा जाती है,
तो किसी की मेहनत बहकर नाले में चली जाती है।
बारिश सिर्फ मौसम नहीं है,
ये आईना है – हमारी व्यवस्था, हमारी जिंदगी, हमारे समाज का।

हर बूँद की अपनी कहानी है,
किसी के लिए वरदान – किसी के लिए बेगानी है।

गोपाल गावंडे
मुख्य संपादक, रणजीत टाइम्स
#बारिश_की_कविता #जनता_की_आवाज #RanjeetTimes

**रणजीत टाइम्स संपादक गोपाल गावंडे जी द्वारा**

शहरों में अब जाम लगा है, ये संकट है रोज का नाम,
ट्रांसपोर्ट के नाम पे सरकार वसूल रही है भारी दाम।
बोझ बढ़ा है आम जन पर, पर समाधान नहीं है पास,
हर दिन कोई नई मुसीबत, और सरकार बस देती त्रास।
मानसून की बूँदें गिरते ही, गलियों में बहने लगे नाले,
ना सफाई, ना प्लानिंग—सिर्फ़ आरोपों के जाले।
सड़कें बनती, फिर टूटती, फिर खुदाई का हो काम,
हर नुक्कड़ पर है खड़ी कोई "खोदा-खादी" की शाम।
वोट मांगते समय नेता जी करते हैं बड़े-बड़े वादे,
लेकिन मुसीबत में कभी नहीं दिखते साथ खड़े।
हर कदम पर है दुर्घटना—कभी ट्रेन उतरे पटरी से,
कभी फ्लाइट क्रैश हो जाए, या बिल्डिंग ढह जाए छतरी से।

कभी पत्नी बन जाए जल्लाद और पिकनिक पर हो वार,
क्या यही है सुरक्षा? क्या यही है सरकार?

सौर ऊर्जा की चोरी खुलेआम हो रही है आजकल,
लेकिन आम जन फँसा है शिकायतों के दलदल।

अब क्या करे ये जनता, जिसका सब्र टूटने को है तैयार?
सवाल पूछना गुनाह, जवाब देना सरकार को भी है भार।

अब समय है जवाब का—not जुमलों का, ना दिखावे का, आम जन की तकलीफ़ को समझे—देश के नव निर्माण का ये पहला इम्तहान है।



# पहली बारिश सड़कों पर पानी का जमाव निकासी की कोई व्यवस्था नहीं...

संस्था सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बैग ने कहा है कि इंदौर में लगातार जून माह की पहली पानी ने इंदौर नगर निगम की खोली पोल इंदौर के आसपास निचली बस्तियों में पानी भर गया जनता को हो रही है काफी परेशानी वर्षा के पूर्व निगम में कोई भी व्यवस्था नहीं की निकासी की आज 26 जून को लगातार इंदौर में पानी बरसता रहा इंदौर के मुख्य मार्गों पर पानी भर गया निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़कों पर आम जनता को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ा इस संबंध में एक पत्र निगम आयुक्त इंदौर को भेज कर मांग की है कि अभी काफी समय है आज की स्थिति को देखते हुए तत्काल इंदौर की निचली बस्तियों का दौरा करें इंदौर के मुख्य सड़कों पर जहां जमा हुआ पानी वहां पर पानी निकाल करने की व्यवस्था तुरंत की जाए कभी तेज गति से पानी आएगा तो इंदौर वासियों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ेगा आयुक्त महोदय तत्काल दौरा कर इंदौर के सड़कों पर निचली बस्तियों पर तुरंत पानी निकासी की व्यवस्था की जाए या मांग पत्र के माध्यम से की गई है
-आपका मंजूर बैग



# श्रद्धानंद मार्ग कलाली मोहल्ला स्थित जमीन पर से अवैध गुमटियां टीनेशेड हटाने कि कार्यवाही

## रिमूव्हल कार्यवाही के दौरान अवैध कब्जाधारी द्वारा निगम अधिकारियो के साथ किया था अभद्र व्यवहार

## निगम ने कराई थी, थाना संयोगितागंज में एफआईआर दर्ज , जनसुनवाई में प्राप्त हुई थी अवैध कब्जे की शिकायत

**रणजीत टाइम्स**

आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार विगत दिनो जनसुनवाई में प्राप्त अवैध निर्माण की शिकायत के निराकरण के तहत अपर आयुक्त श्रीमती लता अग्रवाल के निर्देशन में झोन क्रमांक 12 में 56 श्रद्धानंद मार्ग कलाली मोहल्ला स्थित पंदमवंशीय मारवाडी राठौर पंचायत गोपाल मंदिर ट्रस्ट के स्वामित्व चारभुजा नाथ मंदिर की जमीन पर से अवैध गुमटियां टीनेशेड हटाने की कार्यवाही की गई।



### उक्त अवैध निर्माण हटाने की कार्यवाही को रोकने के लिये

अवैध निर्माणकर्ता द्वारा मान. उच्च न्यायालय मे डब्ल्युपी नंबर 22689/2025 नीलम सोनकर विरूद्ध नगर निगम इंदौर याचिका अवैध निर्माण तोडने की कार्यवाही को रोकने तथा कार्यवाही पर स्थगन आदेश के लिये याचिका लगाई थी, जिसे मान. उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 23 जून 2025 को बिना किसी आदेश के खारिज किया गया था।

विदित हो कि उक्त 20 जून 2025 को निगम रिमूव्हल कार्यवाही के दौरान झोन क्रमांक 12 के अंतर्गत रिमूव्हल टीम द्वारा 56 श्रद्धानंद मार्ग कलाली मोहल्ला स्थित पदवंशीय मारवाडी राठौर पंचायत गोपाल मंदिर ट्रस्ट के स्वामित्व चारभुजा नाथ मंदिर की भूमि पर अवैध गुमटियां, टीन शेड बनाकर कब्जा करने की शिकायत जनसुनवाई में आई थी, उक्त शिकायत के निराकरण के लिये निगम की रिमूव्हल टीम जब मौके पर रिमूव्हल कार्यवाही करने पहुंची थी, अवैध निर्माणकर्ता नीलम सोनकर, बृजराज सोनकर, बंटी सोनकर, गौरव सोनकर द्वारा रिमूव्हल कार्यवाही का विरोध करते हुए, शासकीय कार्य में बाधा डालकर निगम अधिकारियो व कर्मचारियो के साथ अभद्र व्यवहार किया गया था। जिस पर भवन अधिकारी श्री राहुल सुर्यवंशी द्वारा नीलम सोनकर, बृजराज सोनकर, बंटी सोनकर, गौरव सोनकर के विरूद्ध थाना संयोगिता गंज में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

### रिमूव्हल विभाग की टीम द्वारा

12 के अंतर्गत रिमूव्हल टीम द्वारा 56 श्रद्धानंद मार्ग कलाली मोहल्ला स्थित पदवंशीय मारवाडी राठौर पंचायत गोपाल मंदिर ट्रस्ट के स्वामित्व चारभुजा नाथ मंदिर की भूमि पर अवैध गुमटियां, टीन शेड हटाने की कार्यवाही कि जाकर अवैध निर्माण से स्थल को मुक्त करते हुए, जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत का निराकरण किया गया। कार्यवाही के दौरान अपर आयुक्त श्रीमती लता अग्रवाल, रिमूव्हल अधिकारी श्री अश्विन कल्याणे एवं श्री विनीत तिवारी व रिमूव्हल टीम उपस्थित थी।

# प्रकृति के माध्यम से ध्यान व संतुलन को प्राप्त करने का साधन है सहजयोग



मनुष्य के शरीर की संरचना प्रकृति के पंच तत्वों से हुई है। प्रकृति की सहायता से मनुष्य अपने भीतर सन्तुलन स्थापित कर सकता है। हमारे अंदर के सात चक्र प्रकृति के भिन्न-भिन्न तत्वों से ही बने हैं और इन्हीं की सहायता से हम सूक्ष्म तंत्र को शुद्ध कर सकते हैं। उदाहरण के लिए हमारे द्वितीय चक्र स्वाधिष्ठान की संरचना में अग्नि तत्व सहाय है। इसी चक्र से शुरु होती है दायीं ओर की नाड़ी जिसे पिंगला नाड़ी कहा गया है। पिंगला नाड़ी पर श्री हनुमान जी एवं श्री महासरस्वती की शक्ति विराजित है। यह कर्म की नाड़ी है, हमारी सारी सोचने की शक्ति एवं कर्म इसी नाड़ी द्वारा कार्यान्वित होते हैं। यदि व्यक्ति अतिशयता में जाकर इस तरफ ज़्यादा झुक जाता है, दिन-रात सोच-विचार, प्लानिंग, काम - काज में ही लिप्त रहता है, वह अति शुष्क हो जाता है, क्रोधी हो जाता है एवं परमात्मा से उतना ही दूर होता जाता है, वह अहंकार की चपेट में आ जाता है क्योंकि यही नाड़ी मस्तिष्क वाले भाग में जाकर अहंकार को दर्शाती है, मैं (अहंकार) के झूठे संसार में स्वयं के सुन्दर व्यक्तित्व को खो देता - है, आत्मा के प्रकाश से दूर चला जाता है अर्थात सत्य और शाश्वत तथ्य से दूर चला जाता है। सत्य तो ये है की हम केवल शुद्ध आत्मा है और अहंकार, मद, मोह सब झूठ है।

इस नाड़ी पर सूर्य की भी उपस्थिति होती है, इस नाड़ी के प्रति संतुलन रखने से मनुष्य तेजस्वी हो कर निखर जाता है, जब वह मानव कर्म और इस संसार के भौतिक सुखों की दौड़ को खेल समझ लेता है तो वह संतुलित हो, साक्षीभाव में इसे एक लीला मात्र के रूप में देखता है तो वह दाई ओर के सभी सुंदर गुणों से आशीर्वादित होता है और उसके कार्य परमात्मा की प्रेम शक्ति द्वारा स्वतः ही आयोजित होते है, उसे दिमाग दौड़ाने की आवश्यकता भी नहीं होती।

परंतु यह केवल शब्दों का खेल नहीं बल्कि अनुभव है। श्री माताजी द्वारा संस्थापित सहजयोग की नींव ही अनुभव है । परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी सभी साधकों को संबोधित करते हुए बताती हैं कि हमें बिना अनुभव के कुछ भी मान लेना नहीं चाहिए और इसीलिए कुण्डलिनी जागरण की सहायता से हम, परमात्मा की प्रेम शक्ति को अपने हाथों पर एवं तालु भाग पर अनुभव करते हैं, आकाश तत्व की सहायता से हम अपने दायें भाग को संतुलित करते हैं। ध्यान में बैठने से पहले हम माँ प्रकृति की सहायता से अपने दाएं एवं बाएं तरफ को संतुलित करते है एवं मध्य में परमात्मा की शक्ति से जुड़ते है। सहजयोग ध्यान पूर्णतः निःशुल्क है। यदि आप भी इसे अनुभव करना चाहते चाहते है तो sahajayoga.org.in पर जाए या कॉल करे हमारे टोल फ्री नो. पर 1800 2700 800

# सहज की छाया में



## कविता

चारों ओर चैतन्य बहे, शांति की मधुर धारा सी,
सहज योग के स्पर्श से, जागे आत्मा प्यासी सी।

न कोई द्वंद, न कोई शोर, भीतर का दीप जले,
श्री माताजी की कृपा से, मन के सब ताले खुले।
हवा भी मंत्र जपे यहां , वृक्ष भी ध्यान करें,
प्रकृति भी मौन हो जैसे, सत्य की बात कहे।

हर धड़कन में उठे सुर, गूंजे परम ज्योति का नाम,
सहज योग में मिल जाए, जीवन का सच्चा धाम।
जहां न सीमाएं, न बंधन, बस आत्मा का विस्तार,
श्री माताजी की गोद में, हर पल लगे त्यौहार।

**जय श्री माताजी**

**प्रोफेसर प्रवीण खीरवडकर**



# वैश्वीकरण व असीमित विकल्पों के दौर में द्वंद्व रहित जीवन संभव है सहजयोग से



जीवन की परिस्तिथियों में लिप्त ना होना, सुख दुख से परे जाकर ज़िंदगी का आनंद उठाना यूं अपने आप में समाया होना कि , हर समस्या का समाधान सहजता से प्राप्त हो यह सब जीवन जीने की कला है जो योग के बाद ध्यान करने से मनुष्य के भीतर विकसित होती है। "जब कुंडलिनी सहस्रार का भेदन करती है, तो आप अपने हाथों में शीतल हवा महसूस करते हैं। यह सौम्य शीतल लहरियां हैं जो कि पवित्र आत्मा या इस सर्वव्यापी शक्ति की ठंडी हवा है। लेकिन जब आप इस अवस्था को प्राप्त करते हैं तो आप आत्मा बन जाते हैं, आप उस पहिए की तरह अत्यंत शान्त बन बन जाते हैं, जो गतिशील है। और अगर आपका चित्त पहिए पर है, उसकी परिधि पर है, तब आपका मन भी हर समय चलायमान रहता है। लेकिन अगर आप पहिए की धुरी पर चित्त डालें, तो यह मौन है। अतः आप पूर्ण मौन के क्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं और आप वहाँ से हरेक चीज को एक नाटक, एक लीला की तरह देखते हैं। यह सब चीजें आपके साथ सहज ही घटित होती हैं। आप पहले से ही इसी तरह से बनाए गए हैं ......... जिस तरह यहां सभी बिजली के बल्ब पहले से ही लगे हुए हैं, उसी प्रकार आपके अंदर ही सब कुछ बना बनाया हुआ है। अगर आपको रोशनी करनी है तो आपको बस उस बटन को दबाना मात्र है। "

परम पूज्य माताजी श्री निर्मला देवी जी के 5 अगस्त 1991 के प्रवचन से साभार हम देख रहे हैं विश्व कितनी तेजी से बदल रहा है। तकनीकी विकास ने, इस ग्लोबलाइजेशन ने जैसे विश्व को एक सूत्र में जोड़ दिया है। परंतु साथ ही साथ हम एक अशांति में प्रवेश होने से स्वंय को बचा नहीं पा रहे हैं। तकनीकी विकास ने मानवता, इंसानियत और भाई चारे को लगभग समाप्त ही कर दिया है। इंसान भी जैसे भावहीन मशीन सा बन गया है. बस पैसे कमाना, सुख सुविधाओं का उपयोग यही ज़िंदगी बन गई है। धर्म, राजनीति, परिवार और समाज हर जगह द्वंद्व है. जो जन साधारण के अंतर में बेचैनी का भाव भर रहा है. . वर्तमान में स्थिति यह है कि हमारे आसपास के बदलते परिवेश का प्रभाव हम पर इतना अधिक होता है कि हम हम एक बेचैनी से भरा जीवन जीने को विवश होते हैं. शांति से यदि जीवन जीना है तो हमें ध्यान योग से जुड़ना चाहिए. सहज योग से जुडने पर जब हमारे अंदर स्थित कुंडलिनी शक्ति का जब जागरण होता है तब हमारे अंदर कई गुण विकसित होते हैं जिसमें एक गुण है साक्षी भाव। साक्षी भाव के जागृत होते ही हम पर आसपास के घटनाओं का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता और हम हर एक घटना को साक्षी बनकर देखने लगते हैं। अतः सहज योग से जुड़कर आत्म साक्षात्कार पायें और जीवन का आनंद उठायें। अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइटsahajayoga.org.in पर देख।

**जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना**

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा !
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )